**वारदात** कुठला थाना क्षेत्र के कन्हवारा गांव के खेत में मिली युवक की अधजली लाश

# हत्या कर युवक को जलाने का प्रयास



**नवभारत, कटनी।** जिले के कुठला थाना अंतर्गत कन्हवारा गांव क्षेत्र के खेत में बुधवार दोपहर एक युवक के अधजले शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या की गई है और मृतक की पहचान छिपाने और साक्ष्य को मिटाने के उददेश्य से उसे जलाने का प्रयास किया गया है। पुलिस टीम हर एंगल से पूरे मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कन्हवारा निवासी 32 वर्षीय छब्बू पिता मुन्ना कोल के रूप में की गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अज्ञात आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर या ईंट जैसी भारी वस्तु से हमला किया, जिसके कारण उसकी उसकी मौत हो गई होगी। पुलिस ने बताया कि कन्हवारा के एक खेत का पुलिस टीम मौका मुआएना किया। पुलिस की एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड द्वारा की जांच की गई है। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया। पंचनामा के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। आपको बतादें कि बरही थाना क्षेत्र में भी एक युवक की हत्या कर उसके हाथ-पैर बांधकर नदी में फैक दिया गया था। जिसकी पहचान मैहर जिला निवासी के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है, लेकिन अब तक ऐसा कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है, जिसे हत्या करने वाले को पकड़ा जा सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अधिकारियों ने गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** जिले में घरेलू गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता तय करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संयुक्त जांच दल द्वारा विजयराघवगढ़ में सघन जांच अभियान चलाया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा विजयराघवगढ़ स्थित अशरफी पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पेट्रोल का स्टॉक 3154 लीटर, पावर पेट्रोल 4375 लीटर एवं डीजल 9814 ली पाया गया। इसी प्रकार नदी पार विजयराघवगढ़ में राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा गुरु कृपा होटल की जांच की गई। जांच दौरान होटल में भट्टी का उपयोग पाया गया। यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दही और पेड़ा के सैंपल लिए गए। इसके अलावा संयुक्त जांच दल द्वारा श्रीसाईं भारत गैस एजेंसी की जांच कर भंडारण का सत्यापन किया।



# अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा तेज रफ्तार ट्रक

**कटनी-दमोह मार्ग पर मोहास बायपास पर हुआ हादसा**

**नवभारत, कटनी।** जिले के दमोह-कटनी मुख्य मार्ग पर स्थित रीठी मोहास बायपास पर बुधवार को केमिकल से भरा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक गुजरात से सिंगरौली की ओर जा रहा था। जानकारी के अनुसार हादसा सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में हुआ। केमिकल से भरा ट्रक तेज रफ्तार में था। चालक ने अचानक ब्रेक लगाए। वाहन को तेजी से मोड़ने की कोशिश की, जिसके कारण केमिकल से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल मदद करना शुरू की। हादसे में ट्रक के अंदर केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर घायल हो गया है। घायल चालक को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। ट्रक पलटने से कटनी-दमोह मार्ग पर जाम लग गया। कटनी-दमोह मार्ग पर आवागमन बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और काफी देर तक जाम लगा रहा है। सड़क पर ट्रक पटलने और मार्ग में जाम लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारु कराया। ट्रक हटने के बाद आवागमन सामान्य हुआ।

**एक नजर में**

## बस का फिटनेस और चालक का लायसेंस निरस्त

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़-कटनी मार्ग पर हुए बस हादसे के बाद परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए बस का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है। साथ ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस भी तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। हादसा तीस मार्च 2026 को लामतरा फ्लाई ओवर के पास हुआ था। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने बताया कि बस के मालिक पंकज गुप्ता को फिटनेस निरस्त करने का पत्र भेजा गया है। यह कार्रवाई मोटरयान अधिनियम के तहत की गई है। विभाग ने बस मालिक को निर्देश दिए हैं कि वाहन की पूरी मरम्मत कराने के बाद उसे ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में दोबारा प्रस्तुत किया जाए। इसके बाद ही नए सिरे से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ से कटनी जा रही यात्री बस लमतरा फाटक के पास अचानक बंद हो गई थी। चालक ने उसे स्टार्ट करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इसके बाद ड्राइवर ने बस में सवार यात्रियों से नीचे उतरकर धक्का लगाने की अपील किया। लगभग एक दर्जन यात्रियों ने बस को धक्का दिया। बस के स्टार्ट होते ही ढलान और अचानक मिली गति के कारण वह तेज रफ्तार में आगे बढ़ गई। अनियंत्रित हुई बस सड़क किनारे पलट गई थी।


# घंटाघर में मंदिर के सामने शराब दुकान खोलने का विरोध

**क्षेत्र के व्यापारियों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र**

**नवभारत, कटनी।** शहर के हृदय स्थल घंटाघर क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर के ठीक सामने शराब दुकान खोले जाने को लेकर स्थानीय व्यापारियों और श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सभी व्यापारियों और मंदिर पुजारी की ओर से कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें दुकान को तत्काल हटाने या बंद करने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि जिस स्थान पर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान का संचालन हो रहा है, वहां से हनुमान मंदिर की दूरी मात्र 10 फीट है। मां काली की मढ़िया और मंदिर सिर्फ 40 फीट की दूरी पर है। मां खेरमाई की मढ़िया भी महज 35 मीटर के दायरे में स्थित है। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का आरोप है कि मंदिर के इतने पास शराब दुकान होने के कारण वहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। लोग वहीं बैठकर शराब पीते हैं, जिससे मंदिर आने-जाने वाली महिलाओं को भारी परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के व्यापारियों ने भी व्यापारिक माहौल खराब होने की शिकायत की है। दस्तावेजों के अनुसार महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद सचिन कुमार बहरे ने भी इस विरोध का समर्थन किया है। उन्होंने लिखित में अनुशंसा की है कि घंटाघर शराब दुकान को हनुमान मंदिर के सामने से हटाकर नियमानुसार कम से कम 100 मीटर की दूरी पर स्थापित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन इस स्थल पर दोबारा शराब दुकान खोलने की अनुमति देता है, तो सभी व्यापारी वर्ग एकजुट होकर रोड जाम करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। आपको बतादें कि घंटाघर स्थित शराब दुकान खोले जाने का विरोध हर साल शराब टेंडर होने के बाद किया जाता है, जबकि शासन के नियमों के अनुसार शराब दुकान ऐसे मंदिर के पास नहीं खोली जाएगी, जिसका उल्लेख जिला प्रशासन में दर्ज हो। आबकारी विभाग भी यही जानकारी देता है, मंदिर रजिस्टर्ड होना चाहिए, तभी दुकान को बंद करने का नियम है।

# कांग्रेस को करें मजबूत, घर-घर जाकर बताएं भाजपा की गलत नीतियां

**कार्यक्रम में पदाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र, बताए दायित्व**



**नवभारत, कटनी।** जिला कांग्रेस ग्रामीण कमेटी द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें दायित्वों की जानकारी दी। कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मार्गदर्शक डॉ केएल जैन, शैलेन्द्र शुक्ला, गणेश राव, प्रियदर्शन गौर, नरेंद्र पौराणिक, अलोक जैन, वंश स्वरुप चौरसिया, रामनरेश त्रिपाठी, बीएम तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उपस्थित जिले के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। वर्षों बाद कांग्रेस द्वारा जिला स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लेकर ही नवनियुक्त पदाधिकारी आज यहां से जाएं, ताकि आने वाले समय में पंचायत स्तर से लेकर लोकसभा, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहरा सके। साथ ही केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियों को आम जनता तक पहुंचाएं। आज हर आम व्यक्ति परेशान और निराश है और कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय गर्ग ने किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, कांग्रेस पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू, युवा कांग्रेस नेता अंशु मिश्रा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आंनद मिश्रा, नरेंद्र सैनी, विकास निगम, नदीम खान, संतोष पटेल, रविन्द्र सिंह, अजीत सिंह, गुड्डू बड़गैया, मीतू शर्मा, संतोष पटेल, शुभम मिश्रा, सुशील जायसवाल, रवि सिंह, अंशुल सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

# मिलावट की जांच करने में लापरवाही, तीन अधिकारियों का वेतन रोका

**कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को दिए निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आम आदमी की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले, नकली और मिलावटी खाद्य सामग्रियां बनाने वाली फैक्ट्रियों, कारखानों और होटल और ढाबों का औचक निरीक्षण कर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इसके लिए संबंधित एसडीएम को इसकी निगरानी करने और तहसीलदारों को भी सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच कार्य में सुस्ती बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर को जिले में पदस्थ तीनों खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बरही के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बगैर बताए बैठक से अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने गेहूं, चना-मसूर और सरसों के उपार्जन कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जनगणना कार्य की समीक्षा की दौरान निर्देशित किया कि चार्ज स्तर पर संबंधित प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कराए जाने और सभी प्रगणक और सुपरवाइजरों की ड्यूटी आदेश जारी कर आदेश की तामीली कराई जाए। कलेक्टर ने एचपीव्ही वैक्सीनेशन कार्य में गति लाने की हिदायत देते हुए कहा कि 1 अप्रैल से स्कूल शुरू हो रहें हैं। स्कूलों में 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाएं जो प्राय: कक्षा 8वीं, 9वीं या 10 वीं में अध्ययनरत होती है, उनको सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए कैंप लगाकर उनका एचपीव्ही टीकाकरण कराएं। बैठक में ई-विकास, जलजीवन मिशन, फार्मर आईडी ईकेवाईसी, सीएम हेल्पलाइन कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की औचक जांच करें। लोकसेवा गारंटी के मामलों में देरी करने वालों पर जुर्माना लगाने के लिए कहा गया है।

# नगर निगम की फायर बिग्रेड की टीम ने की मॉकड्रिल

**आगजनी से निपटने किया गया पूर्वाभ्यास**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम ने आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों के लिए नगर निगम में मॉकड्रिल किया है। मॉक ड्रिल के दौरान नगर निगम में चयनित स्थान छत और कार्यालय परिसर के बाहर बरामदे आपातकालीन स्थितियां निर्मित कर राहत और बचाव कार्य किया गया। मॉक ड्रिल के तहत आग लगने के कारण आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलते ही नगर निगम और अग्निशमन की टीम तत्काल मौके पर पहुंचीं। इस दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। मॉक ड्रिल के दौरान निगम कार्यालय के कर्मियों और फायर दल ने समन्वय के साथ बचाव कार्यों का सफल क्रियान्वयन किया। निगमायुक्त के मार्गदर्शन में संचालित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति में राहत और बचाव की तैयारियों का मॉक ड्रिल किया गया।

# जनप्रतिनिधियों के साथ स्ट्राँग रूम पहुंचे कलेक्टर

**स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण देखी सुरक्षा व्यवस्था**



**नवभारत, कटनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत मंगलवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचन शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया और संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा से सौरव अग्रवाल और दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डीसी राम, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# आधुनिक यंत्र और उन्नत तकनीक से किसान के लिए लाभ का धंधा बनी खेती

**कलेक्टर ने खेत पहुंचकर की किसान के कार्यों की सराहना**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी बुधवार को स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम तेवरी के प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर के खेत में पहुंचे। यहां उन्होंने समन्वित कृषि करने वाले प्रगतिशील किसान की अंतरवर्तीय खेती, सोलर पंप और पशुपालन, अश्वगंधा, चिया की खेती और पौधारोपण कार्य को देखा और सराहना की। किसान पुरूषोत्तम के पास 22 एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें वे उन्नत तकनीक अपनाकर कृषि कार्य करते है। किसान पुरुषोत्तम ने कलेक्टर तिवारी को बताया कि वे खरीफ सीजन में मुख्य रूप से धान, मक्का और स्वीट कार्न, रबी सीजन में गेहूं, चना और सरसों फसल की उन्नत किस्मों की खेती करते हैं। जायद सीजन में लगभग 4-5 एकड में स्वीट कार्न, 5-6 एकड़ में उडद व मूंग की फसल लगातें है। कृषि फसलों से उन्हें 7-8 लाख की आमदनी हो जाती है। कृषि फसलों के अतिरिक्त उन्होंने करीब 5 एकड़ में आम का फलोद्यान लगा रखा है, जिसमें लंगडा, दशहरी, चौसा, आम्रपाली, मल्लिका आदि आम की किस्में मौजूद है। इससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख रुपए की आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार खेत की मेढ़ों में लगभग 100 आंवला पेड़ लगे हुए है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार रुपए की आय मिल जाती है। वहीं किसान द्वारा लगभग 8 एकड़ में आलू की खेती भी की जाती है। जिससे उन्हें 3.50 से 4 लाख रूपए की वार्षिक आय प्राप्त होती है। कलेक्टर ने किसान के द्वारा किए जा रहे पशुपालन कार्य को भी देखा। पुरषोत्तम के पास वर्तमान में बछड़ों सहित 25 गाय और भैस है। उन्होंने बताया कि पशुपालन से 3.50 से 4 लाख की प्रति वर्ष की आय हो रही है। किसान द्वारा फसलों की सिंचाई के लिए स्प्रिकंलर और ड्रिप सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जा रहा है उनके पास उन्नत कृषि यंत्र भी है। किसान द्वारा वर्ष 2020 में 3 एचपी का सोलर पम्प भी लगाया है। कृषक पुरूषोत्तम के द्वारा इस वर्ष आधा एकड़ में चिया फसल और 0.25 एकड़ में अश्वगंधा की फसल भी लगाई गई है। साथ ही इस वर्ष नरवाई प्रबंधन के तहत सुपर सीडर यंत्र से गेहूं की बोनी की गई है। इस प्रकार किसान पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने समन्वित कृषि अपनाकर सभी स्त्रोतों से प्रतिवर्ष लगभग 15 से 16 लाख रुपए कमा रहे हैं वे किसानो के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।

**समीक्षा** नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा, बेहतर सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश

# मानकों का रखें ध्यान, सफाई व्यवस्था का लें फीडबैक, फाइव स्टार रेटिंग लाने करें प्रयास



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे वर्तमान प्रयासों समीक्षा करते हुए सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप जमीनी स्तर पर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि सर्वेक्षण से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य कर शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने के प्रयासों में ईमानदारी से जुट जाएं। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन द्वारा विगत वर्ष नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश भर में 8वां स्थान अर्जित करने के साथ 3 स्टार रेटिंग प्राप्त होने की जानकारी दी। जिस पर निगमायुक्त ने इस वर्ष और भी बेहतर प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वाटर प्लस और फाइव स्टार रेटिंग अर्जित करने की दिशा में अभी से जुट कर सार्थक प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने सिटी प्रोफाइल में दर्ज स्थलों, वार्डवार ब्यूटीफिकेशन पॉइंट, व्यापारिक, रहवासी क्षेत्रों, स्लम क्षेत्रों, तालाबों, नाला-नालियों, शैक्षणिक संस्थानों, बल्क वेस्ट जनरेटर्स से संबंधित तैयारियों की समीक्षा कर प्रत्येक बिंदुओं पर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश सर्वेक्षण टीम के अधिकारियों को दिए। एमएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए किए जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी करने, सोर्स सेग्रीगेशन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने, कचरा संग्रहण वाहनों का समय और रूट निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे संग्रहण करने की हिदायत एमएसडब्ल्यू प्रबंधक को दी। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नागरिकों को कचरा संग्रहण वाहनों का इंतजार न करना पड़े, वाहन निर्धारित रूट अनुसार समय पर पहुंचे तो कचरा सीधे वाहनों में ही संग्रहित हो सकेगा। निगमायुक्त ने वार्डों मे नागरिकों के मध्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिदिन आईईसी गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही जनसहभागिता से सप्ताह नगर के रहवासी क्षेत्रों सहित व्यावसायिक स्थलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने शहर की सार्वजनिक दीवारों में स्वच्छ, जल और प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रसारित करती हुई विभिन्न वाल पेंटिंग के माध्यम से भी नागरिकों के मध्य जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए। नागरिकों से सकारात्मक सहभागिता, सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेने की कार्रवाई के विशेष निर्देश दिए।

